सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

नई दिल्ली
27 अगस्त, 2011

प्रिय श्री अन्ना हजारे जी,

आपके दिनांक 26 अगस्त के पत्र के लिए धन्यवाद ।

जैसा कि आप जानते हैं, संसद में आज लोकपाल संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। आपको यह जानकर प्रसन्नता होगी कि संसद के दोनों सदनों ने आपके द्वारा अपने पत्र में उठाए गए तीन बिंदुओं पर एक रेज़ोल्यूशन पास किया है। इस रेज़ोल्यूशन के अनुसार संसद निम्न तीन विषयों पर सैद्धान्तिक रूप से सहमत है:-

(1) नागरिक संहिता
(2) उपयुक्त तंत्र के जरिए निचले स्तर के सरकारी कर्मचारियों को लोकपाल के अधीन करना
(3) राज्यों में लोकायुक्त की स्थापना

संसद ने यह रेज़ोल्यूशन भी किया है कि आज की कार्यवाही विभाग से संबंधित स्थाई समिति को भेज दी जाए ताकि वह अपनी अनुशंसाएं करते समय उसका अवलोकन कर सके।

आशा है कि आप संसद के रेज़ोल्यूशन को देखते हुए अपना अनशन अविलंब समाप्त करेंगे और पुन: पूर्ण स्वस्थ होंगे। हम सब आपके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

मनमोहन सिंह
(मनमोहन सिंह)

श्री अन्ना हज़ारे
नई दिल्ली